दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 08 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी कल लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में शाम सवा सात बजे आयोजित होगा समारोह।

02. सीबीआई ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद समेत अठ्हत्तर आरोपियों के खिलाफ अंतिम आरोप पत्र दायर किया।

03. प्रदेश में पंचायती राज विभाग में पंद्रह हजार छह सौ दस पदों पर नियुक्ति होगी। श्रम संसाधन विभाग में भी चार हजार से अधिक पद किये गये सृजित।

04. और, प्रदेश में ग्यारह जून से मॉनसून पूर्व बारिश शुरू होने की संभावना। उत्तर बिहार में दक्षिण बिहार की अपेक्षा अधिक बारिश का पूर्वानुमान।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी कल लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह कल शाम सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नरेंद्र मोदी और उनके नए मंत्रिमण्डल को शपथ दिलाएंगी। एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद श्री मोदी ने कल शाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। राष्ट्रपति भवन के बाहर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए एक मजबूत, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगी।

–––बाईट–––

---

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी जिम्मेदारियों का तत्परता और सटीकता से निर्वहन करने के लिए सभी रिटर्निंग अधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों ने न केवल चुनाव आयोग का विश्वास बरकरार रखा है, बल्कि संस्थागत प्रतिष्ठा भी बढ़ाई है।

---

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, सीबीआई ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में अंतिम आरोप पत्र दायर कर दिया है। सीबीआई ने अठ्हत्तर लोगों को आरोपी बनाया है। इसमें राजद अध्यक्ष और तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के साथ ही अड़तीस उम्मीदवार तथा कई अधिकारी भी शामिल हैं। दिल्ली की विशेष अदालत ने आरोप पत्र पर विचार के लिए मामले को छह जुलाई के लिए सूचीबद्ध किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विशेष अदालत को सौंपे गये आरोप पत्र में उन सभी रेलवे जोन को शामिल किया गया है, जहां लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर जमीन लिये जाने के एवज में नौकरी दी गयी थी।

---

भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्राहकों की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से ई–मैंडेट फ्रेमवर्क के तहत फास्टैग का नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड–एनसीएमसी जैसी वॉलेट सुविधाओं को शामिल करने का प्रस्ताव दिया है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

सूचना और प्रसारण मंत्रालय योग अभ्यास के लाभ के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू और आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने नई दिल्ली में इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। एक रिपोर्ट –

–––रिपोर्ट–––

लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती दूरदर्शन और आकाशवाणी के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। मंत्रालय ने कहा कि दूरदर्शन सुबह के विशेष लाइव शो प्रसारित करने के साथ–साथ योग विशेषज्ञों के साथ कार्यक्रम और साक्षात्कार भी प्रसारित करेगा। आकाशवाणी, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से योग को जीवन शैली के रूप में बढ़ावा देने और लोगों के समग्र कल्याण के लिए कार्यक्रम प्रसारित करेगा। आयुष मंत्रालय ने एक योग गीत तैयार किया है जिसे सभी मीडिया प्लेटफार्मों पर साझा किया जाएगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान के साथ निजी मीडिया संगठनों को प्रोत्साहित करने की पहल जारी रखेगा। मंत्रालय ने योग के संदेश को फैलाने में प्रिंट, टीवी और रेडियो के योगदान को मान्यता देने के लिए पिछले साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान की स्थापना की थी। समाचार कक्ष से मुकेश कुमार बल।

---

प्रदेश में पंचायती राज विभाग में पंद्रह हजार छह सौ दस पदों पर नियुक्ति होगी। विभागीय मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि चार हजार तीन सौ इक्यावन

पदों पर स्थाई, जबकि ग्यारह हजार दो सौ उनसठ पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति की जाएगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री गुप्ता ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया को तय सीमा के अंदर पूरा कर लिया जाएगा।

———बाईट———

इधर, श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा है कि उनके विभाग में भी चार हजार से अधिक पद सृजित किये गये हैं। इन पदों पर शीघ्र ही बहाली की प्रक्रिया शुरू होगी।

———————————————————————

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रदेश के सभी मदरसों की शिक्षा संरचना में बदलाव किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने मदरसा शिक्षा की वर्तमान संरचना का अध्ययन कर इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बनाने के लिए एक उच्च स्तरीय कमिटी का गठन किया है। जाने—माने शिक्षाविद् और बीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष इम्तियाज अहमद करीमी इस कमिटी के अध्यक्ष बनाए गये हैं। यह कमिटी विज्ञान, मानविकी और व्यावसायिक समेत अन्य आधुनिक विषयों को मदरसा के पाठ्यक्रम में शामिल करने की सिफारिश करेगी।

———————————————————————

दरभंगा व्यवहार न्यायालय में कल पहली बार अधिवक्ताओं ने मैथिली भाषा में बहस की। वरिष्ठ अधिवक्ता शशिकांत झा ने बताया कि उन्होंने न्यायिक दंडाधिकारी राघव के समक्ष मैथिली भाषा में बहस करने की अनुमति मांगी। न्यायिक दंडाधिकारी ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया। इसके बाद एक फौजदारी मामले में अधिवक्ताओं ने मैथिली में बहस शुरू की। बाद में दो अन्य मामलों में भी मैथिली में बहस की गयी।

———————————————————————

प्रदेश में ग्यारह जून से मॉनसून पूर्व बारिश शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण बिहार की तुलना में उत्तर बिहार में अधिक स्थानों पर बारिश होगी। हालांकि दक्षिण बिहार में भी सामान्य बारिश की संभावना है। इधर, वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने से राज्य के अधिकतर हिस्सों में लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतर स्थानों पर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आस—पास बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार

पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ डिहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है। साथ ही गया, नवादा, जहानाबाद और शेखपुरा समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में लू चलने की भी आशंका है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है।

–––बाईट–––

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि प्रदेश में एक महीने के अंदर एक करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। विभागीय समीक्षा बैठक के बाद श्री पांडेय ने कहा कि इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं। श्री पांडेय ने कहा कि अस्पतालों में दवाओं की आपूर्ति समय पर सुनिश्चित करने की भी व्यवस्था की जा रही है।

---

मुजफ्फरपुर की एक अदालत ने चर्चित सुनीता किडनी कांड मामले में मुख्य आरोपी पवन कुमार को दोषी करार दिया है। पवन कुमार उस नर्सिंग होम का संचालक था, जहां सुनीता की किडनी निकाली गयी थी। अदालत तेरह जून को सजा के बिंदु पर सुनवाई करेगी। वहीं, इस मामले में फरार चल रहे एक अन्य आरोपी डॉ. आर. के. सिंह के खिलाफ अदालत ने कुर्की जब्ती का वारंट जारी किया है।

---

गया स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में आज पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। परेड में एक सौ बीस कैडेट पास आउट हुए। इधर, कल कैडेट्स ने जमीन से लेकर आसमान तक हैरतअंगेज कारनामों से शौर्य प्रदर्शन किया।

---

आईआरसीटीसी नौ जून को बेतिया से भारत गौरव ट्रेन का परिचालन करेगा। यह ट्रेन दरभंगा, समस्तीपुर, हाजीपुर, आरा और बक्सर के रास्ते उज्जैन, द्वारिका, सोमनाथ, शिरडी और नासिक तक जाएगी। यह ट्रेन उन्नीस जून को वापस लौटेगी।

---

मधुबनी जिले के कलुआही थाना क्षेत्र अंतर्गत नरार ट्रेनिंग चौक के पास शराब तस्करों द्वारा मोबाईल पैंथर टीम पर फायरिंग की घटना में दो जवान घायल हो गए। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

वहीं, भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के सियाडीह और कथराई गांव में छापेमारी के दौरान अपराधियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। दोनों ओर से लगभग तीस राउंड फायरिंग की खबर है। इस मामले में पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया है।

---

पटना के दनियावां थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी गांव में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में एक महिला भी शामिल है।

---

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने देश में एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– मोदी को महामहिम मुर्मू ने सरकार बनाने का न्योता दिया। ताजपोशी की तैयारी पूरी।

**दैनिक भास्कर** ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– आत्मनिर्भर सरकार पर मुहर। एक अन्य खबर में अखबार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान के हवाले से लिखा है– अगली बार आप आईएगा तो जो इधर–उधर से जीते हैं, वो हारेंगे।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है– नीट में अनियमितता का मामला पहुंचा हाईकोर्ट, एनटीए से मांगा जवाब।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– चांद का हुआ दीदार, सत्रह जून को मनेगा बकरीद।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है– मानहानि मामले में राहुल को जमानत।

**आज** अखबार की प्रमुख खबर है– स्कूलों में शिक्षकों को मिलेगा बीस मिनट का अल्पाहार अवकाश।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी कल लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में शाम सवा सात बजे आयोजित होगा समारोह।

02. सीबीआई ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद समेत अठ्हत्तर आरोपियों के खिलाफ अंतिम आरोप पत्र दायर किया।

03. प्रदेश में पंचायती राज विभाग में पंद्रह हजार छह सौ दस पदों पर नियुक्ति होगी। श्रम संसाधन विभाग में भी चार हजार से अधिक पद किये गये सृजित।

04. और, प्रदेश में ग्यारह जून से मॉनसून पूर्व बारिश शुरू होने की संभावना। उत्तर बिहार में दक्षिण बिहार की अपेक्षा अधिक बारिश का पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।